# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ0ग0) 490023
फोन नं. –0788–2350125 ई–मुल : Bhilai-Nagra-Nigam@cg.gov.in


क्र./एफ– / सा.प्र.वि./शि.जा./25/1551 भिलाई, दिनांक 19.11.25

## //आदेश//

**श्री हरिओम गुप्ता, सहायक राजस्व निरीक्षक** को कार्यालयीन आदेश क्रं. /एफ–166/स्टे.आयु./2025/4037 भिलाई दिनांक 20.07.2025 के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी, छत्तीसगढ़ शासन का दिनांक 20.07.2025 को कोहका, भिलाई स्थित रूंगटा आर–01 में कार्यक्रम हेतु दिनांक 19.07.2025 को प्रवास मार्ग में आवश्यक कार्यवाही किये जाने के संबंध में निर्देश जारी किया गया एवं संध्या 4:00 बजे व्हाट्सएप के माध्यम से उक्त निर्देश प्रसारित किया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रवास मार्ग से आवारा पशुओं को प्रातः हटाये जाने की कार्यवाही किया जाना था, परन्तु उपरोक्त कार्यवाही हेतु श्री हरिओम गुप्ता, सहायक राजस्व निरीक्षक कार्य स्थल पर वाहन एवं टीम के साथ उपस्थित नहीं हुये। उनके द्वारा कार्य में उदासीनता बरते जाने के कारण निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित किया गया। कार्यालयीन आदेश क्रं./एफ– /1/सा.प्र.वि./शि.जा./2025/1339 भिलाई दिनांक 06.10.2025 के द्वारा निलंबन से बहाल किया गया। विभागीय जांच में दिनांक 12.11.2025 को विभागीय जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार उन पर अधिरोपित सभी आरोप प्रमाणित होना नही पाया गया।

अतः श्री हरिओम गुप्ता, सहायक राजस्व निरीक्षक के निलंबन अवधि को समस्त प्रयोजन हेतु कर्तव्य अवधि मान्य करते हुए संस्थित विभागीय जांच को समाप्त किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./एफ– /सा.प्र.वि./शि.जा./25/1552 भिलाई, दिनांक 19.11.25

प्रतिलिपि :–

1. महापौर/अध्यक्ष महोदय, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. सहायक अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. प्रभारी स्थापना लिपिक, नगर पालिक निगम, भिलाई को अग्रिम कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
7. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
8. **श्री हरिओम गुप्ता, सहायक राजस्व निरीक्षक** नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई